भारत की पहली हेलीकॉप्टर आपातकालीन चकित्सा सेवा उत्तराखंड में शुरू होगी

चर्चा में क्यों?

भारत अपनी पहली हेलीकॉप्टर आपातकालीन चकित्सा सेवा (HEMS) देखने के लिये तैयार है, जो ऋषिकेश में **अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) से संचालित होगी।**

मुख्य बिंदु:

- नई HEMS 150 किलोमीटर के कवरेज़ दायरे के साथ **प्रोजेक्ट 'संजीवनी'** के तहत संचालित होगी।
- इससे दुर्घटना पीड़ितों और मरीज़ों को पहाड़ी इलाकों से एम्स तक समय पर परिवहन सुनिश्चित हो सकेगा।
- किसी दुर्घटना के तुरंत बाद महत्त्वपूर्ण **'गोल्डन आवर्स'** के दौरान मरीज़ों को बचाने के लिये आपातकालीन हेलीकॉप्टर सेवाएँ अपरिहार्य होंगी, जब विशेषज्ञ चकित्सा देखभाल महत्त्वपूर्ण होती है।
  - यह पहल उत्तराखंड के लिये एक वरदान होगी, एक ऐसा राज्य जो प्रत्येक वर्ष पर्यटकों, तीर्थयात्रियों और साहसिक उत्साही लोगों को आकर्षित करता है, साथ ही **प्राकृतिक आपदाओं** से भी जूझता है।
- **हिंडन एयर बेस से पिथौरागढ़** तक हवाई कनेक्टिविटी के लिये राज्य सरकार के अनुरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए एक अन्य परियोजना की शुरुआत की भी घोषणा की गई।

हेलीकाप्टर आपातकालीन चकित्सा सेवा (HEMS)

- इसे प्रोजेक्ट संजीवनी कहा जाता है; एम्स ऋषिकेश में आपातकालीन चकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के हेतु एक हेलीकॉप्टर तैनात किया जाएगा।
  - इसमें शिक्षा, पर्यावरण, कृषि और पशुधन स्वास्थ्य देखभाल जैसे विभिन्न क्षेत्रों को लक्षित करने वाली **कई पहल शामिल हैं।**
- हेलीकॉप्टर **20 मिनट के नोटिस** पर अस्पताल में तैनात होगा और 150 किमी. के दायरे के क्षेत्र को कवर करेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-first-helicopter-emergency-medical-servic-to-star-in-ttarakhand